हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 18 जनवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

4




## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 19 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक पेरेनियल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र उपस्थित रहेगें। पेरेनियल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड महाराष्ट्र द्वारा डी.जी. आपरेटर के 20 पदों पर भर्ती की जायेगी उक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता आईटीआई डीजल मैकेनिक अथवा इलेक्ट्रिशियन उत्तीर्ण निर्धारित किया गया है। रोजगार पंजीयन के अभाव में प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेना संभव नहीं है।

### निसंतान दंपतियों के लिए निशुल्क परामर्श शिविर आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के शुक्ला हेल्थ केयर हॉस्पिटल में निसंतान दंपतियों के लिए निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन रविवार18 जनवरी को सुबह 11 बजे से रखा गया है। इस संबंध में शुक्ला हेल्थ केयर हॉस्पिटल बिर्रा के संचालक डॉक्टर ईश्वर प्रसाद शुक्ला ने बताया कि माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर बिलासपुर के तत्वाधान में 18 जनवरी दिन रविवार को सुबह 11:00 बजे से शुक्ला हेल्थ केयर हॉस्पिटल बिर्रा में निसंतान दंपतियों के लिए निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन रखा गया है। निसंतान दंपतियों से उपस्थिति का अपील किया गया है।

### बुजुर्ग की नहर में डूबने से मौत, गांव में शोक का माहौल

**जांजगीर-चांपा।** नहर में डूबने से 75 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। यह मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया अंतर्गत आश्रित ग्राम नवागांव का है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान रामचरण साहू उम्र 75 वर्ष के रूप में हुई है। रामचरण साहू शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे अपने साले के यहां तिजनहावन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले थे। इसी दौरान रास्ते में नहर के पास उनका पैर फिसल गया, जिससे संतुलन बिगड़ने पर वे नहर में गिर गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मुलमुला थाना पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कन्नौजिया कुर्मी एकीकरण महाधिवेशन आज

**जांजगीर-चांपा।** कन्नौजिया कुर्मी एकीकरण महाधिवेशन 18 जनवरी को लोहर्सी (खरौद) में खरौद कन्नौजिया कुर्मी समाज में बिखराव को समाप्त कर सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से कन्नौजिया कुर्मी युवा संगठन एवं कुर्मी एकता संघ के संयुक्त तत्वावधान में कन्नौजिया कुर्मी एकीकरण महाधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। यह महाधिवेशन 18 जनवरी रविवार को ग्राम लोहर्सी में आयोजित होगा आयोजकों के अनुसार महाधिवेशन का उद्देश्य समाज के सभी मेड़ों एवं वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी मतभेद, पक्षपात और विघटन को समाप्त करना है, ताकि समाज को एक सशक्त एवं संगठित दिशा दी जा सके। कार्यक्रम का आयोजन शबरी पब्लिक स्कूल, सिंचाई कॉलोनी के बगल स्थित परिसर में किया जाएगा। महाधिवेशन की शुरुआत दोपहर 12 बजे से होगी। कार्यक्रम के माध्यम से समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श भी किया जाएगा।

---

औचक निरीक्षण में मिली खामियां, संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# स्टाक में मिली गड़बड़ी, पांच राइस मिलों को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

धान खरीदी के अंतिम दिनों में उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान खपने से रोकने के लिए प्रशासन की टीम ने कमर कस ली है। लगातार जांच व कार्रवाई की जा रही है। संयुक्त टीम ने राइस मिलों में दबिश देकर स्टाक की जांच की। इस दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर धान जब्ती की कार्रवाई की गई। साथ ही अनियमितता मिलने के कारण 5 राइस मिल को सील कर दिया गया है।



राइस मिल को सील करता अमला।

धान खरीदी के अंतिम चरण में जिला प्रशासन ने अवैध गतिविधियों पर नकेल कसते हुए बड़ी कार्रवाई की है। जिला पंचायत सीईओ वासु जैन एवं खाद्य विभाग, मार्कफेड की संयुक्त टीम ने शनिवार 17 जनवरी को जिले की पांच राइस मिलों में दबिश दी। औचक निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण की कार्रवाई की। संयुक्त जांच दल द्वारा विकासखण्ड मालखरौदा अंतर्गत ग्राम भाटा स्थित मेसर्स एल एन ट्रेडर्स, नगर पंचायत नया बाराद्वार स्थित श्री रामचंद्र राइस एंड आयल मिल, विकासखण्ड सक्ती के ग्राम बगबुड़वां (डोडकी) स्थित श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज, विकासखण्ड मालखरौदा के ग्राम शेरो स्थित श्री कामाक्षी राईस मिल तथा विकासखण्ड सक्ती के ग्राम कोटमी स्थित श्री सत्या राईस मिल में भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान धान एवं चावल के स्टॉक, अभिलेखों, उठाव एवं जमा विवरण की गहन पड़ताल की गई। विकासखण्ड मालखरौदा के ग्राम भाटा मेसर्स एल एन ट्रेडर्स की जांच के दौरान मिल परिसर में 222.4 क्विंटल अधिक पाए जाने के कारण मिल में कुल उपलब्ध 12005 क्विंटल धान एवं चावल 606.5 क्विंटल चावल की जब्ती व सुपुर्दगी की कार्यवाही करते हुए उक्त मिल को सील किया गया। इसी तरह नगर पंचायत नया बाराद्वार स्थित श्री रामचंद्र राइस एंड आयल मिल में 329 क्विंटल धान अधिक पाए जाने के कारण मिल में कुल उपलब्ध धान 18484 क्विंटल की जब्ती व सुपुर्दगी की कार्यवाही करते हुए उक्त मिल को सील किया गया। इसी तरह विकासखण्ड सक्ती के ग्राम बगबुड़वां (डोडकी) स्थित श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज का संयुक्त जांच दल द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया जिसमें मिल परिसर में 337.20 क्विंटल धान अधिक पाए जाने के कारण मिल में कुल उपलब्ध धान 7972 क्विंटल एवं चावल 1625 क्विंटल की जब्ती व सुपुर्दगी की कार्यवाही करते हुए उक्त मिल को सील किया गया। विकासखण्ड मालखरौदा के ग्राम शेरो स्थित श्री कामाक्षी राईस मिल में धान वजन 1720 क्विंटल कम पाए जाने के कारण मिल में कुल उपलब्ध धान 30120.8 क्विंटल की जब्ती व सुपुर्दगी की कार्यवाही करते हुए उक्त मिल को सील किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड सक्ती के ग्राम कोटमी स्थित श्री सत्या राईस मिल में धान वजन 260.80 क्विंटल कम पाए जाने के कारण मिल में कुल उपलब्ध धान 10879.20 क्विंटल एवं चावल 1487 क्विंटल की जब्ती व सुपुर्दगी की कार्यवाही करते हुए मिल को सील किया गया।

### आगे तेज होगी कार्रवाई

प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता या नियम उल्लंघन को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार ही धान का संधारण, प्रसंस्करण एवं अभिलेख संधारण किया जाना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की लापरवाही, फर्जीवाड़ा या गड़बड़ी पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने पूर्व में ही निर्देशित किया है कि धान खरीदी के अंतिम दिनों में प्रशासन व सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी पूरी तरह सतर्क रहे और सतत निगरानी रखी जाए। राइस मिलो में धान की रीसाइक्लिंग रोकने, बोगस धान खरीदी रोकथाम व कस्टम मिलिंग कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। आने वाले दिनों में इस प्रकार की कार्रवाई को और अधिक तेज किया जाएगा।

---

# बम्हनीडीह में रेत का अवैध उत्खनन पकड़ा गया जेसीबी और हाइवा

## टीम ने कार्रवाई कर डंप किए गए रेत को वापस डाला नदी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

बम्हनीडीह क्षेत्र में नदी का सीना चीरकर रेत की अवैध खुदाई की जा रही है। मशीन से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। साथ ही जगह जगह पर अवैध रेत की डंपिंग भी की जा रही है। खनिज विभाग की टीम ने बम्हनीडीह में दबिश देकर अवैध उत्खनन करते जेसीबी और हाइवा को जब्त किया है। वहीं नदी से निकाली गई रेत को वापस नदी में डलवाया गया है।

जिले के प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर जनमेजय महोबे ने मोर्चा संभाल लिया है। उनके सख्त रुख का ही नतीजा है कि खनिज विभाग की टीम ने बम्हनीडीह क्षेत्र में छापेमारी कर रेत के अवैध खेल को बेनकाब किया है। इस बड़ी कार्यवाही के दौरान प्रशासन ने रेत का अवैध परिवहन कर रहे एक हाईवा और खनन में जुटी एक जेसीबी मशीन को रंगे हाथों पकड़कर जप्त कर लिया है। टीम ने जैसे ही दबिश दी, मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए मशीनों को अपने कब्जे में ले लिया। मामले में खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 ख के तहत कार्रवाई की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है





जब्त वाहन के साथ अफसरों की टीम।

अवैध उत्खनन के विरूद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। प्रशासन की इस सक्रियता ने आम जनता के बीच विश्वास जगाया है कि नियम सबके लिए समान हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन में विभाग अब उन रूटों की भी पहचान कर रहा है जहां से चोरी-छिपे रेत निकाली जा रही है। जब्त किए गए वाहनों पर खनिज अधिनियम के तहत कठोर जुर्माना और वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आने वाले दिनों में जिले के अन्य संवेदनशील इलाकों में भी इसी तरह की आकस्मिक जांच और कड़ी घेराबंदी देखने को मिल सकती है। बम्हनीडीह में हुई इस ताजा कार्यवाही ने उन रसूखदारों को कड़ा संदेश दिया है जो नियमों को ताक पर रखकर शासन को राजस्व की हानि पहुंचा रहे थे।

---

# धान खरीदी के कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

धान खरीदी के कार्य में लापरवाही बरतने पर पटवारी को निलंबित कर दिया गया है। पटवारी को सकर्रा एवं सोनादुला का नोडल अधिकारी बनाया गया था।

### खास बात

- भौतिक सत्यापन में लापरवाही व टोकन सत्यापन में अनियमितता पर कार्रवाई

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मानिटरिंग के लिए उपार्जन केन्द्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। जिला प्रशासन सक्ती द्वारा अनुविभाग मालखरौदा अंतर्गत समिति सकर्रा एवं सोनादुला में नोडल अधिकारी के रूप में हल्का पटवारी शेरसिंह राठिया को नियुक्त किया गया था। जिला प्रशासन की समीक्षा एवं जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित कर्मचारी ने न केवल भौतिक सत्यापन में लापरवाही बरती, बल्कि धान खरीदी से जुड़े टोकन सत्यापन में गंभीर अनियमितताएं बरतीं। जिला प्रशासन ने इस आचरण को स्वेच्छाचारिता, कर्तव्यहीनता एवं शासन के निर्देशों की उपेक्षा पाए जाने पर इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के उप नियम 3 के अंतर्गत कदाचार माना है। फलस्वरूप, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के उप नियम 9 के तहत शेरसिंह राठिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय तहसील अड़भार नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा है कि किसानों से जुड़े संवेदनशील कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही, भ्रष्ट आचरण या प्रशासनिक शिथिलता पाए जाने पर कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अब धान खरीदी का अंतिम दौर चल रहा है। ऐसे में उपार्जन केन्द्रों में गड़बड़ी की संभावनाएं भी बढ़ गई है। कोचिएं और बिचौलियों का धान खपने से रोकने प्रशासन ने सभी को एलर्ट कर रखा है। ऐसे समय में नोडल अधिकारी द्वारा बरती गई लापरवाही पर कार्रवाई की गई है।

### किकिरदा में अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 22 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के बजरंग चौक के पास में अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 22 जनवरी दिन गुरुवार को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में अखंड नवधा रामायण समिति के कोषाध्यक्ष कुशत राम चंद्रा ने बताया कि अखंड नवधा रामायण का आयोजन 22 जनवरी गुरुवार से रखा गया है। जिसका समापन 1 फरवरी दिन रविवार को होगा। अखंड नवधा रामायण महायज्ञ की आवश्यक तैयारियां ग्रामवासियों के द्वारा की जा रही है। आयोजक समिति ने समस्त श्रद्धालुओं को कथा श्रवण करने की अपील की है। कथा का समापन 1 फरवरी को होगा।

---

# शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर घर में लगा दी आग, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने से आक्रोशित दो युवको ने घर में आग लगाकर तोड़फोड़ की। साथ ही महिला से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दे डाली। मामले में कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थीया ने सिटी कोतवाली थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जांजगीर में अपनी लड़की के साथ रहती है। वह 16 जनवरी को अपने निजी काम से मार्केट गई हुई थी। उसकी लड़की घर पर अकेली थी। इसी दौरान केरा रोड जांजगीर



निवासी 32 वर्षीय मोहनलाल राठौड़ और हसदेव विहार कालोनी निवासी 39 वर्षीय अमित यादव उसके घर पहुंचकर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। मना करने पर गाली- गलौज की गई, जिसे सुनकर आसपास के लोगों के द्वारा समझा कर मौके से भगाया गया। कुछ देर बाद पुनः दोनों दोपहर करीबन 1:00 बजे बोतल में पेट्रोल लेकर आ गए और पेट्रोल को छिड़क कर घर पर आग लगा दी। घर का दरवाजा पूरी तरह जल गया। आसपास के लोगों के द्वारा आग बुझाया गया। दोनों युवकों द्वारा जले हुए दरवाजे को तोड़कर जबरन घर के अंदर घुस पर तोड़फोड़ कर गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। एक टीम तैयार कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए रवाना किया गया। दोनों आरोपी फरार हो गए थे जिनको घेराबंदी कर अलग अलग स्थानों से पकड़ा गया। पूछताछ करने पर दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया।दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली जयप्रकाश गुप्ता, उप निरीक्षक कमल दास बनर्जी, सहायक उप निरीक्षक अरुण सिंह, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, आरक्षक शंकर राजपूत का योगदान रहा।

---

# एफसीआई गोदाम अकलतरा में मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

एफसीआई गोदाम अकलतरा में हुए मारपीट के मामले में अकलतरा पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 10 जनवरी को



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

सुबह लगभग 10 बजे एफसीआई गोदाम अकलतरा में आपसी विवाद के दौरान आरोपी किशन पाण्डेय उम्र 23 वर्ष निवासी फिरंगी पारा, करगी रोड कोटा, थाना कोटा, जिला बिलासपुर ने प्रार्थी अजित कुमार सहीस, निवासी सांकर, के साथ अश्लील गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपी ने प्रार्थी की उंगली दांत से काट ली तथा कांच के टुकड़े से हमला कर उसे चोट पहुंचाई। घटना की सूचना पर प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर थाना अकलतरा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई एवं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने पर घटना में प्रयुक्त कांच का टुकड़ा जप्त किया गया। इसके पश्चात आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 118(2) बीएनएस के तहत विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक भास्कर शर्मा, थाना प्रभारी अकलतरा एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।

---

## कचहरी चौक में धरना के बाद रैली निकाल कर सौंपा ज्ञापन

# शिक्षकों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अपनी चार सूत्रीय मांगो को लेकर शिक्षकों ने शनिवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। कचहरी चौक के पास धरना प्रदर्शन के बाद रैली निकाली गई। इसके बाद एसडीएम को मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले शिक्षकों ने शनिवार 17 जनवरी को जांजगीर में प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फ़ेडरेशन के प्रान्ताध्यक्ष रविन्द्र राठौर व अन्य





धरना प्रदर्शन करने के बाद रैली निकालकर ज्ञापन सौंपने जाते सहायक शिक्षक।

पदाधिकारियों ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। धरना स्थल पर शिक्षकों ने कहा कि चुनाव के दौरान भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने और अन्य लंबित मांगों को पूरा करने का वादा किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद अब तक इन वादों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। धरना प्रदर्शन के बाद शिक्षकों ने कचहरी चौक से रैली निकाली।रैली के माध्यम से उन्होंने अपनी चार सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वेतन विसंगति दूर करने,,सेवा शर्तों में सुधार सहित अन्य मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की गई। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारी और शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

# कच्ची महुआ शराब के साथ तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पुलिस ने दबिश देकर अलग अलग स्थानों से 77 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है। शराब का अवैध कारोबार करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस जांजगीर द्वारा अवैध शराब पर अंकुश लाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा आरोपी मनमोहन यादव उम्र 48 साल निवासी शिवरीनारायण के कब्जे से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं महिला आरोपी कौशिल्या दिवाकर उम्र 45 साल निवासी तनौद थाना शिवरीनारायण के कब्जे से 40 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब पुलिस सहायता केन्द्र



कोटमीसोनार पुलिस द्वारा आरोपी रामगोपाल केवट उम्र 47 साल निवासी बड़े अमेटी कोटामीसोनार के कब्जे से 30 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध अलग-अलग अपराध धारा आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। जब्त शराब की कीमत 15 हजार 4 सौ रुपए बताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ आज प्रारंभ होगा अखंड नवधा रामायण

**तुस्मा।** ग्राम तुस्मा के शबरी डेरा मोहल्ला में रविवार 18 जनवरी से कलश यात्रा के साथ श्री अखंड नवधा रामायण प्रारंभ होगा। सुबह 10 बजे भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के गगनभेदी नारों के साथ नवधा पंडाल स्थल से कलश यात्रा निकलेगी। इस दौरान मानस गायन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि राम गोपाल दास महाराज देवरघटा होंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में एसपी विजय कुमार पांडेय, शिवरीनारायण नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती अंजनी मनोज तिवारी, समाजसेवी प्रकाश बंसल, जिला पंचायत सदस्य नेहा रामचरण साहू, नवागढ़ के जनपद सभापति दिनेश कुमार साहू, श्रीमती सुष्मिता तरुण साहू सरपंच ग्राम पंचायत तुस्मा, कमल प्रसाद पटेल, श्रीमती सरिता धन्नू साहू , हरीश साहू, रामकुमार बंजारे, गोपी चंद साहू, व मनोज कुमार साहू उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### श्रीमती मोंगरा बाई



**बेल्हाडीह-लवसरा।** ग्राम पंचायत सिरली के प्रतिष्ठित नागरिक धनी राम यादव की धर्म पत्नी श्रीमती मोंगरा बाई यादव 16 जनवरी को 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया। मुखाग्नि बड़े बटे ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### श्रीमती सुपुत्री बाई धीवर



**कोसला।** ग्राम रसौटा की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती सुपुत्री बाई धीवर का 60 वर्ष की आयु में 16 जनवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि पुत्र विजय धीवर ने दी।

### शासकीय उमावि किरारी में कौशल विकास पर कार्यशाला

# आज के समय में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ आत्मनिर्भर बनाना जरुरी : सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरारी-अकलतरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरारी में कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला इंटरनेशनल डिजाइन एकेडमी, बिलासपुर द्वारा आयोजित की गई, जिसमें ड्रेस डिजाइन, इलेक्ट्रिक वर्क, सिलाई-कढ़ाई, बुनाई एवं स्किल डेवलपमेंट से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राघवेन्द्र सिंह रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि "आज के समय में विद्यार्थियों को केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें आत्मनिर्भर बनाना अत्यंत आवश्यक है। आने वाले समय में केवल सरकारी या निजी नौकरी पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि स्वरोजगार की दिशा में भी निरंतर प्रयास करना होगा।" विशेष अतिथि के रूप में बिलासपुर से पहुंची समाजसेवी श्रीमती गीता सिंह ने छात्राओं को इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि "सीखने की कोई उम्र नहीं होती। निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही सफलता की कुंजी है।"कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच अशोक कश्यप ने विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अंजूला सोनी को इस सराहनीय आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आत्मनिर्भरता आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहने चाहिए, ताकि विद्यार्थी स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता लक्ष्मीनारायण सोनी ने मधुर गीत की प्रस्तुति दी तथा प्रेरणादायक उद्बोधन देकर विद्यार्थियों में नया उत्साह और ऊर्जा भर दी। कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ व्याख्याता शशिकांत दीवान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्रीमती अंजूला सोनी ने किया।कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि कमल कश्यप, लाटा महाराज, कुंज बिहारी, जनभागीदारी अध्यक्ष दामोदर चौधरी, वत्सराज सिंह, यशपाल चौबे, रविन्द्र शर्मा, गोपेन्द्र पटेल, उपासना शर्मा, दीपक भानू, गोपेश पाटले, रजनी पांडे, विकास मसीह, सीता कुर्रे, पाठक सर, करुणा यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यशाला से विद्यार्थियों में कौशल विकास के प्रति जागरूकता बढ़ी और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ।



कार्यशाला में उपस्थित छात्र–छात्राओं को संबोधित करते अतिथि।

### कनौजिया कुर्मी एकता मंच का शपथ समारोह आज

**जांजगीर-चांपा।** कनौजिया कुर्मी एकता मंच छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में समाज को संगठित, शिक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में रविवार 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे अथरिया कुर्मी समाज भवन जांजगीर में शपथ समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में समाज के पांचों मेडो परिक्षेत्र मल्दा, सर्वा, सलखन, कोहरौद और सिलदहा से सर्वसम्मति से निर्वाचित प्रतिनिधि शामिल होंगे। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को मंच की केन्द्रीय बॉडी के अंतर्गत विधिवत शपथ दिलाई जाएगी। कन्नौजिया कुर्मी एकता मंच के प्रदेशाध्यक्ष संतोष कश्यप ने बताया कि शपथ के माध्यम से पदाधिकारी समाज की एकता को मजबूत करने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा युवाओं को सामाजिक एवं राजनीतिक नेतृत्व से जोड़ने का संकल्प लेंगे।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का शपथ ग्रहण समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चांपा

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई का शपथ ग्रहण एवं नववर्ष स्नेह मिलन समारोह रविवार 18 जनवरी को सुबह 11 बजे से डी.बी. तनिष्क कॉलोनी में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ की जिला इकाई की नवगठित कार्यकारिणी के जिलाध्यक्ष सहित समस्त पदाधिकारियों की शपथ ग्रहण संपन्न होगा। कार्यक्रम में संगठन की आगामी कार्यदिशा, शिक्षक हित, शैक्षिक गुणवत्ता एवं संगठनात्मक मजबूती को लेकर संकल्प व्यक्त किए जाएंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रमुख संगठन मंत्री ओंकार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में उमेश भारती गौतम कार्यकारी प्रांताध्यक्ष, मनोज राय महामंत्री, डॉ. कुमुदिनी द्विवेदी जिला शिक्षा अधिकारी, सक्ती, अशोक सिन्हा जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर–चांपा, गयाराम राजवाड़े प्रांतीय कोषाध्यक्ष, डॉ. अशोक गुप्ता उपप्रांताध्यक्ष, डॉ. भुवनेश्वर देवांगन प्रांतीय मंत्री, डॉ. तरुण सिंह राठौर, संभागीय अध्यक्ष सहित प्रांतीय, संभागीय एवं बिलासपुर संभाग के समस्त जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। शपथ ग्रहण के साथ-साथ नववर्ष स्नेह मिलन समारोह एवं संगठन के कैलेण्डर का विमोचन अतिथियों के द्वारा किया जाएगा। प्रांतीय मंत्री डॉ. भुवनेश्वर देवांगन एवं जिलाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र द्विवेदी ने शिक्षकों से उपस्थिति की अपील की है।

# नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर विशेष शिविर प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राहौद

■ राहौद शिक्षण समिति व इंदिरा गांधी कॉलेज के तत्वाधान में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का खोखरी में हुआ शुभारंभ

समीपस्थ ग्राम पंचायत खोखरी में राहौद शिक्षण समिति राहौद एवं इंदिरा गांधी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के सयुक्त तत्वधान मे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आधारित आयोजित होगी।

शिविर के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती नीता संजय कुर्रे एवं विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती रजनी दीपक साहू ने मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा मे पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर श्रीगणेश किया । मुख्य अतिथि ने प्रथम दिवस शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवक एवं सेविका को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में जानकारी प्रदान की और सहयोग भावना, एकता के बारे मे बताया। इस कार्यक्रम में राहौद शिक्षण समिति के कार्यक्रम अधिकारी जयराम कश्यप और इंदिरा गांधी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी धनंजय साहू सहायक कार्यक्रम अधिकारी सुधा कश्यप मंच संचालन अनुरुद्ध कश्यप एवं अनिल कश्यप ,अमन ध्रुव,तुमेश देवांगन, भानुप्रताप, रोशन देवांगन, ऋषि, दुर्गेश, गौतम मनहर, बृजेश चंदेल, लता साहू ,आकांक्षा, भारती, खुशी, आरती,स्वेता तिवारी, सती, हेमलता ,दीपिका, ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं एनएसएस के सभी स्वयंसेवक और सेविका उपस्थिति थे।



उपस्थित शिविरार्थियों को संबोधित करते अतिथि।

# नागरिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र धर्म का भी करें पालन

■ सरस्वती शिशु मंदिर में ग्राम भारती आचार्य सम्मेलन का शुभारंभ

**सक्ती।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति ग्राम भारतीय आचार्य सम्मेलन का शुभारंभ सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, राजेंद्र शर्मा संगठन मंत्री देव नारायण साहू, राम अवतार अग्रवाल , संतोष डनसेना द्वारा भारत माता मां सरस्वती की पूजा अर्चना माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जिला शक्ति द्वारा सरस्वती शिशु मंदिरों के आचार्य का जिला स्तरीय दो दिवसीय सम्मेलन राष्ट्र यज्ञ के रूप में आयोजित किया गया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति और समाज में राष्ट्र भाव एवं देश के प्रति जिम्मेदार और सेवाभावी नागरिक बनने हेतु प्रेरित करना है। । राष्ट्र सर्वोपरि है। इसलिए राष्ट्र देव की प्रमुखता के साथ सार्वजनिक राष्ट्र यज्ञ में आहुति कर 108 जोड़ियों द्वारा भारत माता की महा आरती में सभी भाग लेकर भारत माता की पूजा भी करेंगे। इस संबंध में सम्मेलन के संयोजक आचार्य राजेंद्र महाराज ने बताया कि हम सभी नागरिकों को अपने नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए राष्ट्र धर्म का भी पालन करना चाहिए कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद कमलेश जांगड़े, जिला के कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, विद्या भारती संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू द्वारा दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने अपने उद्बोधन में सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा योजना की विशेषता एवं राष्ट्रीयता भरे विचार प्रशंसा किया। वहीं सांसद कमलेश जांगड़े ने सरस्वती शिशु मंदिर के संस्कार युक्त शिक्षा प्रणाली को आज के युग में अति महत्वपूर्ण बताया। संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू द्वारा आचार्य को संबोधित करते हुए बताया गया कि देश की स्वतंत्रता के बाद समाज और राष्ट्र निर्माण के अनुरूप शिक्षा विकसित करने हेतु सरस्वती शिशु मंदिरों का शुभारंभ किया गया। 1952 में प्रथम सरस्वती शिशु मंदिर का शुभारंभ होकर वर्तमान में 25 हजार सरस्वती शिशु मंदिरों का संचालन किया जा रहा है। वृत्त प्रतिवेदन जिला सचिव संतोष डनसेना ने प्रस्तुत किया एवं आभार ज्ञापित कोषाध्यक्ष विश्राम सागर साहू किया। इस अवसर पर लोमस राम साहू पूर्व संगठन मंत्री विद्या भारती, ग्राम भारती जिला समिति के सदस्य विद्या महंत, कुमुदिनी कश्यप, विजय पांडे एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ग्राम भारती प्रांत प्रमुख संतोष निषाद, विभाग समन्वयक दीपक कुमार सोनी एवं जिला समन्वयक धर्मेंद्र तिवारी द्वारा किया गया।




### करियर प्वाइंट किड्स स्कूल में वार्षिक उत्सव 23 को

**बिर्रा।** कैरियर पॉइंट किड्स स्कूल बिर्रा में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार 23 जनवरी को सुबह 10 बजे से रखा गया है। स्कूल के संचालक बी एल सागर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जांजगीर-चांपा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े होंगी। अध्यक्षता जिला पंचायत के सभापति गगन जयपुरिया करेंगे। विशिष्ट तिथि के रूप में सीईओ सुश्री प्रज्ञा यादव, बीईओ श्रीमती रत्ना थवाईत, गीता प्रसाद तिवारी, मनोज कुमार तिवारी, एफ एल साहू, जय कुमार साहू होंगे।

**शपथ पत्र**
**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं अब्दुल मुकीद (ABDUL MUKID) पिता अब्दुल हफीज निवासी मकान नं 101, वार्ड नं. 8, स्टेशन रोड अकलतरा जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ पिन कोड 495552 का निवासी हूँ। यह कि मैं शपथपूर्वक निम्नांकित कथन करता हूँ–

यह कि मेरा नाम मेरे पासपोर्ट में मेरे सही नाम अब्दुल मुकीद (ABDUL MUKID) के स्थान पर त्रुटिवश मुकीद अब्दुल (MUKID ABDUL)दर्ज हो गया है। यह कि मुझे मुकीद अब्दुल के स्थान पर मेरे सही नाम अब्दुल मुकीद (ABDUL MUKID) के नाम से जाना व पहचाना जावे। यह शपथपत्र अपना नाम बदलने के संबंध में समाचार पत्र में प्रकाशन किए जाने के संबंध में दे रहा हूँ।

**शपथकर्ता**
**अब्दुल मुकीद**
**(ABDUL MUKID)**
**पिता अब्दुल हफीज**
**अकलतरा 495552**

**शपथ पत्र**
**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं जरीना बेगम (ZARINA BEGAM) पति अब्दुल मुकीद (ABDUL MUKID) निवासी मकान नं. 101, वार्ड नं. 08 स्टेशन रोड अकलतरा जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पिन 495552 की निवासी हूं. यह कि मैं शपथपूर्वक निम्नांकित कथन करती हूं–यह कि मेरा नाम मेरे पति के पासपोर्ट में मेरे सही नाम जरीना बेगम (ZARINA BEGAM) के स्थान पर त्रुटिवश जरीना बेगम (ZARINA BEGUM) दर्ज हो गया है यह कि मुझे जरीना बेगम (ZARINA BEGUM) के स्थान पर मुझे मेरे सही नाम जरीना बेगम (ZARINA BEGAM) के नाम से जाना व पहचाना जावे. यह शपथपत्र अपना नाम बदलने के संबंध में समाचार पत्र में प्रकाशन किए जाने के संबंध में दे रही हूं।

**शपथकर्ता**
**जरीना बेगम**
**(ZARINA BEGAM)**
**पति अब्दुल मुकीद अकलतरा, जांजगीर चाम्पा 495552**

**NAME CORRECTION**

I ZARINA BEGAM W/O ABDUL MUKID P/o MAKAN NO 101 WARD No. 08 Station Road Akaltara Dist. JANJGIR CHAMPA (CG) PIN 495552, hereby declare that- My name ZARINA BEGAM is worngly printed as ZARINA BEGUM in my husband passport. My Correct name is ZARINA BEGAM. Henceforth I shall be known and Identified by My Correct name. ZARINA BEGAM instead of ZARINA BEGUM for all purpose. I am submitting this affidavit for the purpose of Publication in the newspaper regarding the change of my name.

**ZARINA BEGAM**
W/O ABDUL MUKID
AKALTARA DIST.
JANJGIR-CHAMPA 495552

**NAME CORRECTION**

I ABDUL MUKID S/0 ABDUL HAFIZ P/o Makan No 101, WARD No. 08 Station road Akaltara Dist. JANJGIR-CHAMPA (C.G.) PIN. 495552 hereby declare that

as MUKID My name is Worngly printed ABDUL in my passport My Correct name ABDUL MUKID. Henceforth I shall be knoww and Identified by my Correct name ABDUL MUKID instead of MUKID ABDUL for all purpose. I am submitting this affidavit for the purpose of publication in the newspaper regarding the Change of my name.

**ABDUL MUKID**
S/o ABDUL HAFIZ
AKALTARA DIST.
JANJGIR-CHAMPA 495552

**आम सूचना ईश्तहार**
**(नाम परिवर्तन सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शपथकर्ती चन्दन देवी पति बरातु राम जाति मरार, निवासी ग्राम हाथीटिकरा, तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. यह शपथ करती हूँ कि मैं आपने पुराना नाम चन्दन देवी पटेल (CHANDAN DEVI PATEL) पति बरातु राम पटेल (BARATU RAM PATEL) जन्म तिथि 04/05/1970 को त्याग कर नया नाम चन्दन देवी (CHANDAN DEVI) जन्म तिथि 06/03/1958 रखा लिया हूँ अतः आज मेरे नाम के समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में नये नाम चन्दन देवी (CHANDAN DEVI) पति बरातु राम (BARATU RAM) जन्म तिथि 06/03/1958 से ही जाना पहचाना जावे। अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा मेरा नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है अगर किसी व्यक्ति संस्था बैंक आदि को किसी प्रकार आपत्ति है तो 15 दिवस के भीतर दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकता है मौखिक आपत्ति को किसी प्रकार से मान्य नही किया जावेगा। इसके बाद की गई आपत्ति पर कोई सुनवाई और विचार नहीं किया जावेगा। सो सूचना प्राप्त करें।

**स्थानः जांजगीर दिनांक :**

**भवदीय**
**चन्दन देवी**
**पति बरातु राम**
**निवासी ग्राम हाथीटिकरा**
**पोस्ट बनारी, तहसील जांजगीर,**
**जिला जांजगीर-चांपा छ.ग.**
**मो.- 7049502903**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र 35/ब-121/2025-2026
ग्राम- बरभांठा तहसील-नवागढ़

आवेदक श्री राजादास उम्र 23 वर्ष पिता श्री मेलादास जाति पनिका निवासी बरभांठा तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका अनुपमा आजाद उम्र 22 वर्ष पिता श्री रोहित आजाद जाति सतनामी निवासी बरभांठा तहसील व थाना नवागढ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता ग्राम बरभांठा तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राजादास उम्र 23 वर्ष पिता श्री मेलादास जाति पनिका निवासी बरभांठा तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका अनुपमा आजाद उम्र 22 वर्ष पिता श्री रोहित आजाद जाति सतनामी निवासी बरभांठा तहसील व थाना नवागढ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 21/1/2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 11/01/2026 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ,पैर,मुंह)
* नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur) डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615

TOP IN JANJGIR

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जिले में 55 बिस्तरों का
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
• 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
• बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
• पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
• महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन MBBS, MS, MCh, DrNB Urology Mumbai Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
• आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
• बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
• मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
• आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
• डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
• नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
• कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
• चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
• आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
• दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
• बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.I.O.S. दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
• हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उंगलियों की सर्जरी
• सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
• शोल्डर और बाजू की सर्जरी
• कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
• हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
• बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
• नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
• निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
• फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, थायराइड, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।'इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर' के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं।

## लाइफ Style



# भूमि
## वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज

मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।

## हॉलीवुड मसाला




# जोई सल्डाना ने तोड़ा स्कारलेट जोहानसन का रिकॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** 'अवतार' की नेत्री और एमसीयू की गमोरा ने नया इतिहास रचा है। जी हां, इन दोनों किरदारों को निभाने वाली जोई सल्डाना अब हॉलीवुड की सबसे अधिक कमाई करने वाली एक्टर बन गई हैं। उन्होंने स्कारलेट जोहानसन को पछाड़कर यह मुकाम पाया है। 47 साल की जोई को यह उपलब्धि उनकी हालिया ब्लॉकबस्टर 'अवतार: फायर एंड ऐश' के कारण मिली है। जेम्स कैमरून की इस फिल्म ने एक्ट्रेस के पूरे कॅरियर के ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कमाई को $16.8 बिलियन यानी 151530 करोड़ रुपए के पार पहुंचा दिया है। साल 1999 में 'लॉ एंड ऑर्डर' टीवी सीरज से एक्टिंग कॅरियर शुरू करने वाली जोई को अब तक 1 ऑस्कर अवॉर्ड, एक बाफ्टा अवॉर्ड, एक गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड, एक सीएजी अवॉर्ड और एक कान फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड मिल चुके हैं। वह 'टाइम' मैगजीन की 2023 की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में जगह बना चुकी हैं।




# 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के लिए लाइव काउंटडाउन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** यदि आप मार्वल स्टूडियो और सुपरहीरोज के फैन हैं, तो आपको भी यूट्यूब पर स्क्रॉल करते हुए अचानक एक सरप्राइज मिला होगा! मार्वल स्टूडियो ने अपनी अगली रिलीज 'एवेंजर्स: डूम्सडे' के लिए एक लाइव काउंटडाउन शुरू किया है। अभी इस फिल्म की रिलीज में पूरे 11 महीने की दूरी है। ऐसे में मन में सवाल उठता है कि फिर इतना लंबा काउंटडाउन क्यों? यकीनन, यह एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, खासकर तब जब हजारो फैंस हर दिन कुछ ना कुछ देर तक इस काउंटडाउन पर घड़ी की 'टिक-टिक' की रहस्य जगाती आवाज सुन रहे हैं। अब फैंस की थ्योरी ये है कि फिल्म का टाइटल, डूम्सडे, सिर्फ डॉक्टर डूम के बारे में नहीं है। यह मार्वल यूनिवर्स के अंत का काउंटडाउन है। असल दुनिया में, 'डूम्सडे क्लॉक' जलवायु परिवर्तन, परमाणु युद्ध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे कारकों से प्रभावित होती है। इसी तरह 'एवेंजर्स: डूम्सडे' का काउंटडाउन, एमसीयू और इसके मल्टीवर्स के अंत का सूचक हो सकता है। हमने 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में इनकर्शन के बारे में सुना है।



# वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं तारा

**मुंबई।** तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में हैं। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं। इस बीच वीर अकेले नजर भी आए और उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट भी साझा की। अब ब्रेकअप की रूमर्स के बीच पहली बार तारा सुतारिया पैप्स के कैमरे में कैद हुई हैं। अपनी फर्स्ट पब्लिक अपीयरेंस में तारा अकेली ही नजर आईं, उनके साथ वीर पहाड़िया इस बार नहीं दिखे। जिसके बाद दोनों के ब्रेकअप की खबरों को और भी बल मिलता है।



# दृश्यम 3 की शूटिंग शुरू इशिता ने शेयर कीं तस्वीरें

**मुंबई।** अजय देवगन की ऑनस्क्रीन बेटी इशिता दत्ता ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'दृश्यम 3' के बारे में जानकारी शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। शुक्रवार से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इशिता दत्ता ने इंस्टाग्राम पर 'दृश्यम 3' के सेट से दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर 'दृश्यम 3' के क्लैपबोर्ड की है और दूसरी तस्वीर में इशिता अपनी वैनिटी वैन के सामने खड़ी नजर आ रही है। इन तस्वीरों के साथ इशिता ने कैप्शन में लिखा, 'क्या मुझे और कुछ कहने की जरूरत है। फिल्म 'दृश्यम 3' में पहले फिल्म के स्टार्स नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, इशिता, तब्बू और श्रिया सरन मुख्य भूमिका में दिखेंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर सीरीज का तीसरा और आखिरी हिस्सा होगा, जिसके लिए लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# व्हील ऑफ फॉर्च्यून: अक्षय लेकर आए पैसे कमाने का नया तरीका

**नई दिल्ली।** नए रियलिटी टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो आ गया है, जो चर्चा बटोर रहा है। यह शो 27 जनवरी से शुरू होगा और इसे अक्षय कुमार होस्ट करते नजर आएंगे। अक्षय कई साल बाद टीवी पर बतौर होस्ट वापसी कर रहे हैं। साथ ही वह इस शो के जरिए दर्शकों के लिए नए तरीके से पैसे कमाने का मौका लेकर आए हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' के प्रीमियर से पहले मेकर्स ने प्रोमो शेयर किया है, जिसमें अक्षय कुमार शो के फॉर्मेट के बारे में बताते नजर आ रहे हैं। 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' का प्रोमो शुरू होता है तो अक्षय कुमार तीन कंटेस्टेंट्स के साथ बात करते नजर आते हैं। वह उनसे कहते हैं, 'मैं आप तीनों के लिए एक नई कैटिगरी लेकर आया हूं- पति पत्नी। फिर बजर टाइम का ऐलान करते हैं और व्हील ऑफ फॉर्च्यून दिखाते हैं। इसके बारे में अक्षय कहते हैं- स्पिन करो और विन करो। खास बात यह है कि अगर व्हील स्पिन करने पर नाग आ गया तो कंटेस्टेंट ने जितना भी पैसा जीता है, वह वापस चला जाएगा यानी कंटेस्टेंट से छिन जाएगा। प्रोमो में दिखाया गया है कि पहले कंटेस्टेंट को अक्षय कुमार एक पहेली सुलझाने का टास्क देते हैं। कंटेस्टेंट जो अक्षर बताता है, उसके साथ ही वह व्हील को घुमाता है। व्हील पर अलग-अलग रकम लिखी है और जहां-जिस रकम पर व्हील घूमने के बाद रुकेगा, उतनी रकम कंटेस्टेंट जीत जाएगा।

## लोगों ने पूछी काला नमक चावल की रेसिपी

**नई दिल्ली।** अर्चना पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम



खराब किया है। फिर लोगों ने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं। व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपए बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए। अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही।

# ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म ओ रोमियो का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब शुक्रवार को मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है। गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है। लेकिन गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखकर ऐसा लगता है कि ये जोड़ी दर्शकों को पसंद आ सकती है। गाने की शुरुआत में तृप्ति डिमरी का किरदार कहता है, 'कोई कैसे किसी से इतना प्यार कर सकता है?' गाने में प्यार, रोमांस, केयर और इमोशन सबकुछ देखने को मिलता है।



### तृप्ति-शाहिद की रोमांटिक केमिस्ट्री

*शाहिद का रफ लवर का लुक काफी जचता है। वहीं एक झलक अविनाश तिवारी की भी दिखती है। हमेशा की तरह इस बार भी विशाल भारद्वाज की फिल्म में संगीत उन्हीं का है और गाने को लिखा गुलजार ने ही है। इस गाने को आवाज दी है प्यार का पर्याय बन चुके अरिजीत सिंह ने। गाना स्लो-रोमांटिक सॉन्ग है, जिसे आप सुनकर सुकून महसूस कर सकते हैं। विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक में रिलीज होगी। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और फरीदा जलाल जैसे सितारे शामिल हैं। पिछले दिनों फिल्म का टीजर जारी हुआ था, जिसे काफी पसंद किया गया। अब दर्शक फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।*

# ओटीटी पर इन फिल्मों और सीरीज ने दी दस्तक

**नई दिल्ली।** शुक्रवार 16 जनवरी को सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों ने दस्तक दी है। मगर, इस कड़ाके की सर्दी में क्या आप घर बैठे ही कुछ शानदार देखना चाहते हैं? तो आपके वीकएंड को खास बनाने के लिए कई नई फिल्मों और सीरीज ने दस्तक दी है। सिनेमाघरों में इन दिनों बहार है। धुरंधर का खुमार अब तक उतरा नहीं है। वहीं, शुक्रवार को राहु केतु और हैप्पी पटेल जैसी फिल्मों ने भी दस्तक दी है। मगर, इस सर्द मौसम में अगर आप थिएटर जाने की बजाय घर बैठे ही कुछ रोमांचक देखना चाहते हैं तो ओटीटी के पिटारे में भी काफी कुछ खास है।

### मस्ती 4

लोकप्रिय फ्रेंजाईजी 'मस्ती' की चौथी कड़ी 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। इसे 16 जनवरी से जी5 पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसमें रितेश देशमुख, आफताब शिवदासानी और विवेक ओबेरॉय जैसे सितारे हैं।

## यह वीकएंड होगा बेहद खास, मस्ती से 120 बहादुर तक



### 120 बहादुर

फरहान अख्तर की फिल्म 120 बहादुर बीते वर्ष नवंबर में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी और सितारों के अभिनय की काफी तारीफ हुई। अब सेना की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म आज शुक्रवार से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह फिल्म आप पूरे परिवार के साथ बैठकर देख सकते हैं।

### भा भा बा

फिल्म 'भा भा बा' का लुत्फ भी आप इस वीकएंड पर उठा सकते हैं। यह 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। बता दें कि फिल्म 18 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसमें दिलीप और मोहनलाल जैसे साउथ सितारे हैं।

### गुर्रम पापी रेड्डी और कलमकावल

साउथ फिल्म गुर्रम पापी रेड्डी भी लिस्ट में शामिल है। यह फिल्म दिसंबर में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 16 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर उपलब्ध है। वहीं, ममूटी अभिनीत फिल्म कलमकावल भी 16 जनवरी से सोनी लिव पर स्ट्रीम हो गई है।

### तस्करी द स्मगलर वेब

इमरान हाशमी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'तस्करी द स्मगलर वेब' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज 14 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। अगर आपने नहीं देखी है, तो इस वीकएंड इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का लुत्फ उठा सकते हैं। इसमें शरद केलकर, अमृता खानविलकर, नंदिश सिंह संधू, अनुराग सिन्हा और जोया अफरोज अहम भूमिकाओं में हैं।

## प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी थे खूब चर्चे

# ओपी को आशा से दिल लगाना पड़ा था भारी! लता से 36 का आंकड़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओपी नैय्यर फिल्म इंडस्ट्री के वो चमकते सितारे थे जिनके जाने के बाद भी उनके काम की चर्चा आज तक होती है। केवल प्रोफेशनल लाइफ ही नहीं, बल्कि पर्सनल लाइफ में भी उनके खूब चर्चे थे। आशा भोसले के साथ 14 साल के रिश्ते ने उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। परिवार से तो दूर हुए ही। प्यार भी नसीब नहीं हुआ।

### सड़क पर फेंक दिया अवॉर्ड

सिराज खां ने इस बारे में कहा था, 'नैय्यर साहब अपनी कार से वापस लौट रहे थे। उनकी कार में गीतकार एसएच बिहारी बैठे हुए थे। सड़क पर उस समय सन्नाटा था। अचानक नैय्यर साहब ने कार का शीशा नीचा किया और वो ट्राफी फेंक दी जो एक खंभे से टकराई। आखिरी आवाज जो उन्होंने सुनी, जैसे कोई चीज चूरचूर हो जाती है। उन्होंने बगल में बैठे हुए बिहारी साहब से कहा कि ये जो आपने ट्रॉफी टूटने की आवाज सुनी, इसके साथ ही आशा इज आउट ऑफ माई लाइफ... फॉएवर।'

### शमशाद और गीता दत्त से कर लिया था किनारा

ओ पी नैय्यर को नजदीक से जानने वाले सिराज खां ने बातचीत में बताया था, 'मेरा ख्याल है इस तरह का रिश्ता बॉलीवुड क्या हॉलीवुड में भी नहीं हुआ है। उनकी प्रोफेशनल रिलेशनशिप रोमांस में बदल गई और 1958 से लेकर 1972 तक यानी 14 सालों तक उनका साथ रहा। ये बहुत गहरा साथ था। आप सोचिये एक शादीशुदा शख्स जिसके चार बच्चे हैं और एक तलाकशुदा महिला खुलेआम बंबई में घूमा करते थे।' नैय्यर साहब ने खुद भी इंटरव्यू में कहा था, 'ये तो सुना था कि लंव इज ब्लाइंड, लेकिन मेरे मामले में लव ब्लाइंड के अलावा डीफ यानी बहरा भी था क्योंकि आशा की आवाज के अलावा मैं और कोई आवाज सुन नहीं पाता था।' यही कारण था कि उन्होंने शमशाद बेगम और गीता दत्त से खुद को किनारे कर लिया था।



### 1952 में आसमान से कॅरियर किया शुरू

साल 1926 में लाहौर में जन्मे ओपी नैय्यर ने 1952 में 'आसमान' फिल्म से अपना कॅरियर शुरू किया, लेकिन उन्हें असली पहचान गुरु दत्त की फिल्मों से मिली। 'रिदम किंग' और 'ताल का बादशाह' कहे जाने वाले नैय्यर ने 'आर पार', 'मिस्टर एंड मिसेज 55', 'सीआई डी' और 'तुम सा नहीं देखा' जैसी फिल्मों के लिए काम किया और उनके काम ने उन्हें हर तरफ जगमगा दिया। जितनी उनके प्रोफेशनल लाइफ की चर्चा होती थी, उतनी ही पर्सनल लाइफ की भी। आशा भोसले के साथ उनके रिश्ते ने उनकी जिंदगी को झकझोरकर रख दिया। उसके बाद न तो वो अपने परिवार के रहे और न ही आशा भोसले के हो पाए। आशा भोसले को सुपरहिट बनाने का श्रेय अगर किसी को दिया जा सकता है तो वो थे ओपी नैय्यर। उन्होंने आशा की आवाज और रेंज का फायदा उठाते हुए उन्हें मौके दिलवाए। उन्हीं की वजह से आशा भोसले को उनकी पहचान मिली जो आज भी हर किसी के दिल में बनी हुई हैं।

### 14 साल तक चला रिश्ता

मशहूर संगीत इतिहासकार राजू भारतन अपनी किताब 'अ जर्नी डाउन मेमोरी लेन' में लिखते हैं, 'ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के प्रति प्यार इस हद तक था कि एक बार उन्होंने बिना कोई शब्द कहे गीता दत्त का फोन रख दिया था। गीता दत्त ने सिर्फ ये पूछने के लिए फोन किया था कि मैंने ऐसी क्या खता की कि अब आप मुझे गाने के लिए नहीं बुलाते? 'ये वही गीता दत्त थीं, जिन्होंने ओ पी नैय्यर की पहले पहल गुरु दत्त से सिफारिश की थी। ओ पी नैय्यर का आशा भोंसले के साथ रिश्ता 14 सालों तक चला। एक जमाने में ओ पी नैय्यर की कैडलक कार में घूमने वाली आशा भोंसले ने 1972 में इस रिश्ते को खत्म करने का फैसला किया।'

### हमेशा के लिए बना ली दूरी

इसके बाद आशा भोसले और ओपी नैय्यर ने एक साथ कभी कहीं कदम नहीं रखा। लेकिन, इससे पहले उन्होंने 'प्राण जाए पर वचन न जाए' फिल्म के लिए एक गाना रिकॉर्ड किया, जिसे 1973 का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। आशा उस इवेंट में नहीं गई थीं। ओपी नैय्यर ने उनकी तरफ से अवॉर्ड लिया और घर वापस लौटते समय उन्होंने वो ट्रॉफी चलती कार से सड़क पर फेंक दी।

**खबर संक्षेप**

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर कोसला में 22 को होगा श्रीराम कथा व संत समागम

**पामगढ़।** माता कौसल्या की जन्मभूमि कोसला धाम में 22 जनवरी को अयोध्या धाम श्री राम लला मंदिर निर्माण के द्वितीय वर्षगांठ पूर्ण होने पर एक दिवसीय श्रीराम कथा व संत समागम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मारूति धाम देवरघटा आश्रम के संत बड़े महराज रामगोपाल दास एवं महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास महाराज (कोटमीसोनार) का सानिध्य भक्तों को मिलेगा। सुबह 9 बजे से भजन कीर्तन, 11 बजे 5 बजे तक मानस प्रवचन एवं माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला धाम पर शोध पत्र पढ़ा जाएगा एवं सायं 6 बजे माता कौसल्या की भव्य आरती की जाएगी। मानस कथा वाचन भरत व्यास महाराज ब्यास नगर, दिनेश गोस्वामी पामगढ़ तथा होरी लाल आदित्य पामगढ़ के श्रीमुख से किया जावेगा। इतिहासकार डॉ शांति कुमार कैंवर्त्य द्वारा श्री राम की माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला के सत्यांवेषण में शोध पत्र पढ़ा जाएगा। आयोजन समिति माता कौसल्या जन्मभूमि स्थाई सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि कोसला गांव श्री राम की माता कौशल्या का जन्म स्थान है, यह मंदिर महराज भानुमंत के महल (गढ़) स्थान पर बना है और यहां सदियों से लगातार वर्ष में विभिन्न धार्मिक पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित होते आ रहे हैं, पिछले वर्ष भी श्री राम मंदिर वर्षगांठ मनाया गया था और इस वर्ष भी बड़े धूम-धाम से मनाने की तैयारी चल रही है। आयोजन को सफल बनाने पूरे गांव के लोग जुटे हुए है।

### किसान स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करेंगे सीताराम

**बहेराडीह।** किसान स्कूल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीताराम वैष्णव ध्वजारोहण करेंगे।



बहेराडीह में स्थित वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीताराम वैष्णव के द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। वे कोटमीसोनार गांव में स्थित छग के एकमात्र क्रोकोडायल पार्क के केयरटेकर हैं। देश के पहले किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर हर साल की तरह ध्वज वंदन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीताराम वैष्णव होंगे, जो कोटमीसोनार क्रोकोडायल पार्क के केयरटेकर हैं और मगरमच्छों से अपने याराना को लेकर वे छग ही नहीं, देश-दुनिया में प्रसिद्ध हैं और उनकी एक आवाज पर क्रोकोडायल पार्क में मगरमच्छ दौड़े चले आते हैं।

भाजपा जिला कार्यालय में विधानसभा प्रभारी ने नई योजना जी राम जी के बारे में दी जानकारी

# जी राम जी अब केवल सपना नहीं संकल्प है विकसित भारत का : सवन्नी

हरिभूमि न्यूज: जांजगीर-चांपा



कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधानसभा प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी।

जी राम जी अब केवल सपना नहीं विकसित भारत का संकल्प है। उक्त बातें भाजपा कार्यालय जांजगीर पहुंचे विधानसभा प्रभारी भूपेन्द्र सवन्नी ने कही।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की नई योजना जी राम जी पूर्व में संचालित मनरेगा की तमाम विसंगतियो को दुर करने वाली योजना है जो भारत के वर्तमान विकास एजेंडे और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के गहरे संबंध को दर्शाता है। हाल के घटनाक्रमों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार, इसके मुख्य पहलू विकसित भारत - जी राम जी विधेयक दिसंबर 2025 में संसद में पारित यह अधिनियम विकसित भारत ग्रामीण रोजगार आजीविका योजना पुरानी मनरेगा का एक उन्नत मॉडल है। सशक्त गांव, समृद्ध भारतः 'जी राम जी' का लक्ष्य ग्रामीण भारत में दीर्घकालिक और टिकाऊ रोजगार, आत्मनिर्भरता और आधुनिक शासन प्रणाली सुनिश्चित करना है। रामराज्य का संकल्पः यह अवधारणा 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र के साथ सुशासन पर आधारित है, जहां कोई गरीब या दुखी न हो। सांस्कृतिक और आर्थिक एकताः राम मंदिर के ध्वाजारोहण (नवंबर 2025) के संदर्भ में, 'राम से राष्ट्र' के विचार को 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प से जोड़ा गया है। जी राम जी का मतलब सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत को विकसित बनाकर 'रामराज्य' (न्याय और समृद्धि) के सपनों को हकीकत में बदलना है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, आशुतोष गोस्वामी, लक्ष्मी देवांगन, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रवक्ता विकास शर्मा, नवागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष अर्चना देवांगन, आई टी सेल संयोजक अनिल शर्मा, मीरा पत्की, मोहन यादव, भुवनेश्वर साहु, सनत पांडेय, उमेश राठौर, मंडल अध्यक्ष हितेश यादव, संतोष थवाईत, समर्थ सिंह, विवेक सिंह, साकेत तिवारी, निरंजन कोसले, रामेश्वर पटेल, सनत पटेल, राकेश रूपवानी, नवीन राठौर, नारायण देवांगन, सुधीर झाझडिया, विवेक शर्मा, सोनु यादव, गोलू दुबे, प्रदीप राठौर सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नेपाल में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा



विजेता ट्राफी के साथ स्कूल चेयरमेन, प्राचार्य व विद्यार्थी

लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल के विद्यार्थी पिछले दिनों खेल विकास एवं प्रोत्साहन महासंघ भारत द्वारा नेपाल के पोखरा में आयोजित इंडो-नेपाल चेम्पियनशिप में शामिल हुए। स्कूल के विद्यार्थियों ने स्पर्धा में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर विद्यालय तथा जिले का नाम रौशन किया।

प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र शिवम कुमार साहू ने वॉलीबाल (अंडर 21) में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं अंडर 17 वर्ग में कृष्णा पाण्डेय, सोहित झा एवं अपूर्व तिवारी ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अंडर 17 फुटबॉल में अंशराज सिन्हा ने सिल्वर मेडल हासिल किया। प्रतियोगिता के दौरान स्कूल के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अनुशासन, सहयोग और खेल कौशल का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में प्रसन्नता का माहौल है। लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन सहित कोच एवं शिक्षकों के समुचित मार्गदर्शन का परिणाम है। बच्चों के माता-पिता का भी योगदान इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण रहा है। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोश कुमार सोनी ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय शिक्षण समिति के अन्य सदस्यों सहित प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने बच्चों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित श्रेष्ठा नेट्स परीक्षा में आदित्य ने हासिल किया 85वां स्थान

**अकलतरा।** अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा के कक्षा 8वीं के मेधावी छात्र आदित्य रात्रे पिता धीरेन्द्र रात्रे, ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए श्रेष्ठा नेट्स परीक्षा में पूरे भारत में 85वां स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे अकलतरा नगर का नाम राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित हुआ है।



यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित की जाती है, जो भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना 'श्रेष्ठा' (लक्षित क्षेत्रों के उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना) का हिस्सा है। उनकी इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि निरंतर परिश्रम, लगन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस उपलब्धि पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया, ,पंकज दोशी, ,स्वप्निल जैन, विकास केडिया, संस्था के समस्त सदस्यों, विद्यालय के प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा एवं पूरे शाला परिवार ने आदित्य रात्रे को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।







